आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बृहस्पतिवार 10.10.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राजधानी देहरादून से अल्मोड़ा के लिए आज से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू।
- प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का आज राजकीय सम्मान के साथ मुंबई के वरली में अंतिम संस्कार किया गया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की आर्थिकी और पारिस्थतिकी में संतुलन के लिए 'त्रि–स्तम्भीय और नौ–सूत्रीय रणनीति कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- राज्यपाल ने कहा – लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में सूचना का अधिकार की भूमिका महत्वपूर्ण।
- हेमकुण्ड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए बंद।

**हवाई सेवा**

राजधानी देहरादून से अल्मोड़ा के लिए आज से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई है। इसके जरिए अब लगभग 55 मिनट में देहरादून से अल्मोड़ा पहुंचा जा सकेगा। यह हैलीकॉप्टर सेवा सप्ताह में छह दिन संचालित होगी, जिसमें प्रति व्यक्ति किराया लगभग पांच हजार रुपए आएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट पर बने पैसेंजर्स टर्मिनल भवन का लोकार्पण और देहरादून–अल्मोड़ा हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में तीन नए स्थानों यमुनोत्री, गौचर और जोशियाड़ा के लिए भी सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट से हवाई सेवा प्रारंभ करने की घोषणा की। इनका संचालन मुख्यमंत्री उड़न खटोला योजना के तहत किया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हेली सेवाओं का विस्तार, विकसित उत्तराखण्ड के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि इस हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत से पर्यटक आसानी से अल्मोड़ा पहुंच सकेंगे। श्री धामी ने बताया कि दिल्ली–पिथौरागढ़ के लिए हवाई लैंडिंग का ट्रायल सफल रहा है। जल्द ही इस सेवा को भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में 18 हेलीपोर्ट से हवाई सेवा के संचालन का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें से 10 हेलीपोर्ट से हवाई सेवा शुरू हो गई है। हेली सेवाएं राज्य में आवागमन को सुगम बनाने के साथ ही स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाइफलाइन का काम करेंगी।

**अंतिम संस्कार**

प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का आज शाम मुंबई के वरली स्थित शमशान घाट में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले, उनका पार्थिव शरीर राष्ट्रीय प्रदर्शन कला केन्द्र में रखा गया, जहां पर बड़ी संख्या में लोगों ने रतन टाटा के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**त्रिस्तम्भीय और नौ–सूत्रीय रणनीति**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में आर्थिकी और पारिस्थतिकी में संतुलन के लिए 'त्रि–स्तम्भीय और नौ–सूत्रीय रणनीति कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में समुदाय सशक्तिकरण अभियान, नवाचार और तकनीकी अभियान तथा वित्तीय स्वायत्तता व साक्षरता अभियान को शामिल किया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ईकोलॉजी और इकॉनामी में संतुलन के लिए राज्य सरकार की ओर से विकास के साथ ही पर्यावरण संतुलन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने सभी विभागों से अपेक्षा की 'त्रि–स्तम्भीय और नौ–सूत्रीय रणनीति कार्यक्रम पर सभी विभाग तेजी से काम करेंगे।

**राशि जारी**

केंद्र सरकार ने आज राज्य सरकारों के लिए एक लाख 78 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर राशि जारी की। वित्त मंत्रालय के अनुसार आगामी त्योहारों और राज्यों के पूंजीगत व्यय में तेजी लाने तथा विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक अग्रिम किस्त जारी की गई थी।

## बद्री केदार समिति ऑन भोग प्रसाद

बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति ने भोग और प्रसाद की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखने का फैसला किया है। बद्री केदार समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के अलावा बीकेटीसी के अधीनस्थ सभी मंदिरों में भोग प्रसाद व्यवस्था की शुद्धता बनाये रखने के लिये समय–समय पर मंदिरों मे प्रसाद की गुणवत्ता की जांच की जायेगी। उन्होंने कहा प्रसाद की गुणवत्ता को लेकर खाद्य सुरक्षा के अधिकारियों को साथ बैठक की गई है। प्रसाद की गुणवत्ता बनाये रखने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी भी जारी की गई है।

## घोशणा

राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस डिवीजन ने लोगों तक सरकारी सेवाओं की निर्बाध पहुंच के लिए डिजिलॉकर के साथ उमंग ऐप को मिलाने की घोषणा की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार इससे उपयोगकर्ताओं को एक ही जगह से कई सेवाएं प्राप्त करने की सुविधा मिल जायेगी। मंत्रालय ने कहा है कि उमंग ऐप सभी एंड्रॉइड फोन पर उपलब्ध है। इसकी सेवाओं का लाभ डिजीलॉकर ऐप के माध्यम से लिया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा है कि डिजीलॉकर डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य आवश्यक दस्तावेजों का सुरक्षित क्लाउड–बेस स्टोरेज प्रदान करना है।

## सम्मान

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रदेश में उत्कृष्ट काम करने वाले आठ लोक सूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों को सम्मानित किया। सूचना का अधिकार अधिनियम की 19वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजभवन ऑडिटोरियम में उत्तराखण्ड सूचना आयोग द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र को सुदृढ़ और प्रबल बनाने में सूचना का अधिकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि जिस संस्थान में पारदर्शी और जवाबदेह कार्यप्रणाली निहित होगी, वह सूचनाओं के आदान–प्रदान को सकारात्मक रूप में देखता है। राज्यपाल ने कहा कि इस अधिनियम से शासन और प्रशासन को जवाबदेह और पारदर्शी बनाने में मदद मिलती है। वहीं इसके जरिए सुधारात्मक सुझाव प्राप्त होते हैं जो सुशासन को बढ़ावा देते हैं। अधिकतर सूचना का अधिकार के आवेदन मैदानी जिलों से प्राप्त होने पर राज्यपाल ने कहा कि इनके आवेदनों की संख्या पहाड़ी जिलों में बेहद कम है। उन्होंने इन जिलों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने पर बल दिया और कहा कि इन जिलों में लोगों को सूचना का अधिकारी के प्रति जागरूक किया जाए।

## सड़क निर्माण एवं अनुरक्षण

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण निर्माण विभाग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़कों और उनके अनुरक्षण के कार्य आवंटन से सम्बन्धित स्पष्ट मानदण्ड निर्धारित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सड़कों के निर्माण और अनुरक्षण से सम्बन्धित कार्यों का स्पष्ट सीमांकन करने को भी कहा है। साथ ही सड़कों के निर्माण में अपनाई जाने वाली व्यवस्थाओं के तुलनात्मक अध्ययन के लिए भी कहा गया है। देहरादून में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक में श्रीमती रतूड़ी ने ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता, स्थिति और टिकाऊपन में सुधार के लिए बेहतरीन व्यवस्था को अपनाने के निर्देश दिए।

## हेमकुंड साहिब कपाट बंद

चमोली स्थित सिखों के प्रसिद्ध तीर्थस्थल हेमकुण्ड साहिब के कपाट परम्परागत ढ़ग से आज शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। दोहपर साढे बारह बजे आज अंतिम अरदास पढ़ गई। इसके बाद दरबार साहिब से पंच प्यारों की अगुवाई में गुरुग्रंथ साहिब को सचखंड में सोवित किया गया। हेमकुण्ड साहिब के साथ ही लक्ष्मण लोकपाल मंदिर के कपाट भी शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं। गौरतलब है कि हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 25 मई को खुले थे। इस बार एक लाख 85 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने हेमकुंड साहिब के दर्शन किये हैं।

## सेवानिवृत्त

न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश होंगे। उनका कार्यकाल कल से प्रभावी होगा। उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी आज सेवानिवृत्त हो गई हैं। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी पूर्व में भी उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रह चुके हैं।

## संस्कृत प्रतियोगिता

राज्य की द्वितीय भाषा संस्कृत के प्रचार–प्रसार के लिये प्रदेश के सभी विकास खंडों में दो दिवसीय संस्कृत प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। रुद्रप्रयाग के सहायक निदेशक संस्कृत शिक्षा एम आर मैंदुली ने बताया कि जिले में 15 अक्टूबर को कनिष्ठ वर्ग और 16 अक्टूबर को वरिष्ठ वर्ग में संस्कृत भाषा से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में समूहगान, समूहनृत्य, नाटक, वाद–विवाद, आशुभाषण और श्लोकोच्चारण में सभी वर्गों के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में सफल छात्र–छात्राओं को अकादमी की ओर से नकद पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने जिले के कक्षा 6 से स्नातकोत्तर के शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के छात्रों से प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अपील की है।

## मॉडल विलेज

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने दशोली ब्लॉक के मैठाणा गांव को मॉडल विलेज के रुप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने सभी रेखीय विभागों को संयुक्त रूप से मैठाणा गांव जाकर संकलित दृष्टिकोण के साथ कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने मैठाणा गांव में नर्सरी विकास, कीवी के काश्तकारों की संख्या में वृद्धि, गांव में होम स्टे संचालन, हाट बाजार, ऑर्नामेंटल फिश पौंड बनाने तथा हाउस ऑफ हिमालयाज की थीम पर आउटलेट बनाने के लिये योजनाबद्ध तरीके से काम करने के निर्देश दिये।